

# रामघाट पर परंपरा से टकराएगा प्रोजेक्ट

- घाट की घंटियों में घुला टेंडर का शोर
- माँ क्षिप्रा की आरती भी अब स्मार्ट करने के जतन
- आस्था बनाम ठेके पर छिड़ी बहस

## टकराव की स्थिति

स्थानीय लोगों के अनुसार राणो जी की छत्री, श्री क्षेत्र व अन्य समितियों द्वारा वर्षों से आरती का आयोजन किया जा रहा है. इन आयोजनों में श्रद्धालुओं की भागीदारी के साथ-साथ पर्याप्त मात्रा में चढ़ावा भी आता है, जिसके माध्यम से दीप, धूप, सफाई, प्रकाश व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाएँ स्वयं स्थानीय समूहों द्वारा संचालित की जाती हैं. ऐसे में स्मार्ट सिटी द्वारा व्यवसाईक तौर पर आरती का ठेका देने की प्रक्रिया से टकराव की नौबत आ गई है.

प्रमोद व्यास

**उज्जैन. शहर को स्मार्ट बनाने के दावे कितनी हद तक हकीकत में बदल पाए है, इसकी समीक्षा होना तो अभी बाकी है. बावजूद इसके एक और प्रकल्प शुरू करने की कवायद प्रारंभ कर दी गई है, जिसके अंतर्गत रामघाट पर प्रतिदिन होने वाली क्षिप्रा आरती भी अब स्मार्ट सिटी द्वारा संचालित की जाएगी, इसके लिए टेंडर निकाला है.**

दरअसल स्मार्ट सिटी ने रामघाट पर होने वाली क्षिप्रा आरती का टेंडर निकाला है, गंगा आरती की तर्ज पर ये आरती किसी बड़ी निजी फर्म से कराई जाएगी, जिस कंपनी का टर्न ओवर 1 करोड़ हो, जिसने धार्मिक कार्य किए हो, जो प्रतिमाह 18 लाख खर्च कर सकता हो ऐसी फर्म आरती का टेंडर ले सकती है, जिसकी अंतिम तिथि 16 फरवरी है. वर्तमान में रामघाट क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर स्थानीय धार्मिक संस्थाओं, नवयुवक मंडलों व श्री क्षेत्र पंडा समिति द्वारा नियमित रूप से आरती का आयोजन किया जा रहा है. ऐसे में स्मार्ट सिटी द्वारा इस धार्मिक प्रकल्प में रुचि लेने के पीछे क्या मक़सद है इस पर नई बहस छिड़ गई है.

**स्पष्ट नीति का अभाव**-क्षिप्रा के घाट पर आरती को ठेके पर देने की निविदा के दस्तावेज़ में चढ़ावे के प्रबंधन को लेकर कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश न होने से असमंजस की स्थिति बन रही है. विशेषज्ञों का मानना है कि धार्मिक आयोजनों में चढ़ावा केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि व्यवस्था संचालन का एक महत्वपूर्ण आधार भी होता है. ऐसे में यदि नई एजेंसी और मौजूदा समितियों के अधिकारों को स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं किया गया, तो विवाद की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता.

**स्थानीय सहभागिता पर भी उठे सवाल**-शहर के धार्मिक और सामाजिक संगठनों का कहना है कि माँ क्षिप्रा आरती जैसे आयोजन में स्थानीय समितियों और पारंपरिक व्यवस्थाओं की भूमिका को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता. उनका सुझाव है कि नई व्यवस्था लागू करने से पहले सभी संबंधित पक्षों के साथ स्पष्ट संवाद, भूमिका निर्धारण और सहमति आवश्यक है.

**प्रशासन से स्पष्टता की अपेक्षा**-निविदा जारी होने के बाद अब प्रशासन से यह अपेक्षा की जा रही है कि वह स्पष्ट करे कि मौजूदा आरतियों का स्वरूप क्या रहेगा, नई एजेंसी की भूमिका किन सीमाओं तक होगी और चढ़ावे व व्यवस्थाओं का संतुलन किस प्रकार बनाया जाएगा.

### भव्यता के साथ दिव्यता हो

नवभारत से चर्चा में घाट के पंडो ने बताया कि स्मार्ट सिटी को क्षिप्रा आरती को इस तरह व्यवसायिक क्यों बनाया जा रहा है, ये चिंता का विषय भी है. स्मार्ट सिटी शहर विकास के काम संभाले. रही बात आरती की तो हम इस कार्य मे परम्परा अनुसार यह धर्म कार्य करते आए है. माँ क्षिप्रा आरती को अधिक व्यवस्थित बनाने और दिव्य बनाने का कर्तव्य सबको निभाना चाहिए, भव्य बनाने के उद्देश्य से लाई गई. यह ठेके की पहल तभी सफल मानी जाएगी, जब उसमें परंपरा, स्थानीय सहभागिता और प्रशासनिक व्यवस्था के बीच संतुलन स्थापित किया जा सके.

# कैबिनेट ने लिया निर्णय

## सरदार सरोवर परियोजना के विस्थापितों के पट्टों की रजिस्ट्री कराएगी सरकार

**25602** परिवारों को मिले पट्टों की होगी रजिस्ट्री

**06** सौ करोड़ से अधिक खर्च करेगी राज्य सरकार

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 3 फरवरी. राज्य सरकार सरदार सरोवर परियोजना के विस्थापित परिवारों को मिले आवासीय पट्टों का अब अपने खर्चे पर रजिस्ट्री कराएगी. ऐसे लगभग 25602 परिवारों को मिले पट्टे की रजिस्ट्री कराने पर राज्य सरकार 600 करोड़ रुपए से अधिक खर्च करेगी. इन में से ज्यादातर परिवार जनजातीय समुदाय से हैं.**

उन्हें परियोजना के कारण वर्ष 2016 में विस्थापित किया गया था, अब 9 वर्ष बाद रजिस्ट्री कराने से वे अपने आवास के पूर्ण स्वामी बन जाएंगे. रजिस्ट्री के लिए पंजीयन शुल्क और स्टॉम्प ड्यूटी की भरपाई करने की जिम्मेदारी नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की होगी.

कैबिनेट ने मंगलवार को इस संबंध में पेश प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है. कैबिनेट ने मैहर एवं कटनी जिलें में 2 सिंचाई परियोजनाओं के लिए 620 करोड़ 65 लाख रूपये की भी मंजूरी दी है. मैहर एवं कटनी की धनवाही सूक्ष्म दबाव सिंचाई परियोजना लागत 53 करोड़ 73 लाख रूपए है, इससे 3500 हेक्टयर में सिंचाई की सुविधा प्राप्त होंगी और मैहर एवं कटनी जिले के 9 ग्राम के 2810 किसानों को फायदा होगा. इसी तरह कटनी जिले की बरही सूक्ष्म उद्वहन सिंचाई परियोजना लागत 566 करोड 92 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है. इससे, कटनी जिले की बरही एवं विजयराघवगढ़ तहसील के 27 ग्राम के 11,500 किसान लाभान्वित होंगे और 20 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होंगी. दोनों ही परियोजना से 14310 किसानों को फायदा मिलेगा.



### चलती रहेंगी संबल सहित 10 योजनाएं

कैबिनेट ने 6 विभागों की 10 योजनाओं की वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 तक निरंतरता के लिए 15,009 करोड़ रूपये से अधिक की मंजूरी दी है. निर्णय के मुताबिक वित्त विभाग की लोक वित्त पोषित 500 करोड़ से कम की 8 योजनाओं के लिए 115 करोड़ 6 लाख रुपये, श्रम विभाग की मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल 2.0 योजना के लिए 5 हजार करोड़ रुपये, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की विधानसभा क्षेत्र निर्वाचन योजना और स्थापना एवं कार्यालयीन योजनाओं के लिए 3 हजार 376 करोड़ 66 लाख रूपये, पशु पालन एवं डेयरी विभाग की डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना, पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर ब्लॉकग्रांट योजना एवं पशुपालन, पशु विकास और गौ संवर्धन योजना के लिए 6 हजार 472 करोड़ 18 लाख रुपये, महिला एवं बाल विकास की किशोर कल्याण निधि योजना और घरेलू हिंसा पीड़िता के लिए सहायता योजना के लिए 24 करोड़ 70 लाख रूपये और पिछड़ा वर्ग एवं अन्य कल्याण की अल्पसंख्यक स्वरोजगार/उद्यम योजना के लिए 21 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है. कैबिनेट ने मप्र राज्य समाज कल्याण बोर्ड को भंग कर कर्मचारियों का संविलयन महिला बाल विकास विभाग में करने की स्वीकृति दे दी है. बोर्ड में 6 कर्मचारी पदस्थ थे.

# ओला-पाला वाले क्षेत्रों में सर्वे के निर्देश

- अनौपचारिक कैबिनेट में सीएम ने कहा
- प्रदेश के सभी अंचलों में कृषि कैबिनेट होगी

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 3 फरवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में जहां-जहां भी ओला-पाला से फसलें प्रभावित हुई हैं, उन जिलों के कलेक्टर्स, सर्वे कराकर तत्काल सहायता राशि किसानों को उपलब्ध कराएं. किसानों के सभी प्रकार के हित सुनिश्चित करने और उनकी आय दोगुना करने के उद्देश्य से ही वर्ष-2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है.**

कृषक कल्याण कृषि वर्ष में मालवा, निमाड़, चंबल और विंध्य अंचलों में कृषि कैबिनेट आयोजित की जाएगी. कृषि के साथ उद्यानिकी, दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन जैसी गतिविधियां अपनाने के लिए कृषकों को प्रेरित किया जा रहा है.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट से पहले अनौपचारिक कैबिनेट में मंत्रियों को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने हाल के कार्यक्रमों की जानकारी साझा की. उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रदेश में पहली बार राज्य स्तरीय पुष्प महोत्सव आयोजित किया गया. पुष्प उत्पादन और देश-विदेश में फूलों की बेहतर मार्केटिंग व्यवस्था को प्रोत्साहित किया जाएगा. प्रदेश में नरवाई प्रबंधन और पराली जलाने पर नियंत्रण के लिए भी विशेष प्रयास किए जा रहे हैं. भावांतर योजना में सरसों और अन्य तिलहन फसलों को भी शामिल करने पर विचार किया जा रहा है. मूंग के स्थान पर उड़द को प्रोत्साहित करने के लिए नीति बनाई जा रही है.


**M.P. PASCHIM KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
GPH Compound, Pologround, Indore, Ph. No. : 0731-2426144, 2426204/116
(E-mail : sepurchase06@gmail.com, CIN-U40109MP2002SGC015121)
No. MD/WZ/06/PUR/NIT- 327/2311 Indore, Dated : 03.02.2026

**NOTICE INVITING TENDER**

Online tenders are invited for following Material/Items/Services as per Tender Specifications :-

| TS No. | Particulars | Unit | Approx. Qty. | Online Tender Opening Date | Pre Bid Meeting Date |
|---|---|---|---|---|---|
| 1937 | Rate Contract Award (RCA) for Toner refilling of Computer Printers Services under various Branches/Sections at Corporate Office, MPPKVVCL, Indore for the period of One year | No. | 1200 | 24.02.2026 | NA |
| 1938 | Supply, Installation and Commissioning of LED Video Wall with Controller and Buy-Back, de-commissioning of old DLP Screen with Controller at DCC Control Room, MPPKVVCL, Indore | Set | 01 | 10.03.2026 | 24.02.2026 |
| 1939 | Supply, Installation & Commissioning of a Telephony Software for Centralized Call Centre-1912 at MPPKVVCL, Indore for the period of One year | No. | 01 | 17.03.2026 | 04.03.2026 |

For further detailed information visit website **http://www.mpwz.co.in** or **https://www.mptenders.gov.in**
M.P. Madhyam/124280/2026 **CHIEF ENGINEER (PURCHASE)**






INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply
TOLL FREE NO. 1800-266-0018
Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L.35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ˜Based on the combined & cumulative dispatch volume of the Splendor range of motorcycles till March 2025. #Internal benchmarking on the basis of data available in public forums for 100cc segment bikes in India. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. #Ex-showroom price of SPLENDOR+ XTEC 2.0 DRUM BRAKE in Madhya Pradesh.

अधिकृत डीलरः इंदौर: सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावद: राजेश हीरो 9289922774, उज्जैन: क्षिप्रा हीरो (फ्रीगंज, देवास रोड) 9289922354, लोहिया हीरो (चिमनगंज मंडी के सामने) 9289922718, बड़नगर: स्वास्तिक हीरो 9289922773, शाजापुर: बाबा हीरो 9289922833, रतलाम: एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) नीमच: उत्तम हीरो 9289922367, मन्दसौर: रामदर्शन हीरो 9289922369, जावरा: रिलायबल हीरो 9289923045, एसोशिएट डीलर: अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, आगर: रामदेव मोटर्स 9425921047, महिदपुर: रुचि ऑटोमोबाईल्स 9425091966, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, शुजालपुर: रॉयल बाईक्स 8817784120, तराना: क्षिप्रा मोटर्स 9826648880, नलखेड़ा: नाकोड़ा ऑटो सेल्स एण्ड सर्विस 9584284629, मनासा: मारु मोटर्स 9617944999, पिपलोदा: निमिष ऑटोमोबाईल 9826444701, श्यामगढ़: खुराना मोटर्स 9826730340/9009433866, गरोठ: श्रीनाथ ऑटोमोबाइल 9826773646, नारायणगढ़: ललित ऑटोमोबाइल्स 9893525549, ताल: श्री बालाजी ऑटोमोबाइल्स 9691602742, बोलाई: अन्नपूर्णा मोटर्स, 9755116444, नंदनी: श्री मोटर्स, 8435192351, अरनिया कलां: तिलक ऑटो, 7697016717, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342, जावरा: रिलायबल हीरो 9289923045, सीतामऊ: तिरुपति मोटर्स, 9753008855, पिपलिया मंडी: नवपद मोटर्स, 9479861211, दलोदा: जेएस मोटर्स, 9926600906.

RS/Hero/06/25


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**